# सेंट उर्सुला गर्ल्स हायस्कूल अण्ड जुनिअर कॉलेज, नागपूर

**द्वितीय सत्र परीक्षा 2020**

**विषय – हिंदी**

**समय – 2.00 घंटे** | **वर्ग – VII (A,B,D,EFG)** | **गुण – 50**

---

**प्र. 1 क) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए।**

बड़ी सावधानी से आर्यन ने अंदर झाँककर देखा। हट्टे-कट्टे, मोटे-तगड़े, बड़ी-बड़ी मूँछोंवाले कई लोग पगड़ी बाँधे बैठे थे। उनके साथ कमीज और पैंट पहने हुए भी कुछ लोग थे। उनकी आँखों से आग बरस रही थी। आँखें लाल-लाल थीं। सबके चेहरे डरावने थे। उस समय वे खाने में मस्त थे। कोई हड्डी चबा रहा था तो कोई रोटियाँ तोड़-तोड़कर मुँह में डाल रहा था। आर्यन ने उन्हें ध्यान से देखा। उनके गले में कारतूसों की पेटी लटक रही थी। बंदूकें और तलवारें भी रखी थीं। कुछ लोग लुढ़के हुए पड़े थे।

आर्यन ने इशारा किया। कनिष्का ने बड़ी सावधानी से कैमरा निकाला। गैस बत्तियों की रोशनी इतनी तेज थी कि बड़ी आसानी से फोटो लिया जा सकता था। बस, उसने फटाफट कई फोटो खींचे और वे घर की ओर चल पड़े। अगले दिन सवेरे-सवेरे आर्यन ने साइकिल उठाई और नारायणपुर की ओर चल पड़ा। वहाँ फोटोग्राफर की एक दुकान थी।

कनिष्का ने अपने पिता जी से कहा, "आप कहते हैं, भूतों के पैर उलटे होते हैं। उनकी छाया नहीं होती। उनके फोटो नहीं ले सकते लेकिन कल रात हम भूतों के डेरे पर गए थे। वहाँ कुछ फोटो लिए हैं। जरा देखिए

**1) संजाल पूर्ण कीजिए :** **(2)**

परिच्छेद मे वर्णित व्यक्तियो की विशेषताएँ

2) परिच्छेद मे हुआ समय का उल्लेख **(1)**

**3) घटनाक्रम के अनुसार वाक्यो का क्रम लगाइए।** **(2)**

1) उनके गले मे कारतूसो की पेटी लटक रही थी।
2) कनिष्का ने बडी सावधानी से कैमरा निकाला।
3) सबके चेहरे डरावने थे।
4) बडी सावधानी से आर्यन ने अंदर झॉकरकर देखा।

**4) परिच्छेद मे आए शब्दयुग्म ढूँढकर लिखिए।** **(1)**

1) ————————— 2) ————————

**5) विलोम शब्द लिखिए:** **(1)**

1) रोशनी X ———————— 2) प्रसन्न X ———————

**6) स्वमत अभिव्यक्ति**

अंधश्रद्धा समाज से दूर हो जाए इसके लिए आप स्वयं क्या कार्य करेंगे। अपने विचार लिखो। **(1)**


**पदय**

**प्र.2. ख) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियॉ कीजिएं।**


धर्म अलग हों, जाति अलग हों, वर्ण अलग हों, भाषाएँ,
पर्वत, सागर तट, वन-मरुस्थल, मैदानों से हम आएँ,
फौजी वर्दी में हम सबसे पहले हिंदुस्तान के।
भारतमाता के बेटे हम चलते सीना तान के।

हिंदुस्तान कि जिसकी मिट्टी में हम खेले, खाए हैं,
जिसकी रजकण हमको ममता, समता से अपनाए हैं,
कर्ज चुकाने हैं हमको उन रजकण के एहसान के।
भारतमाता के बेटे हम चलते सीना तान के।

**1) संजाल पूर्ण कीजिए।** **(2)**




2)




**(2)**

**3) रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए:**

अ) फौजी वर्दी मे हम सबसे पहले ——————।

ब) जिसकी रक्षा मे पुरखों ने अगणित ————— कटाएॅ है।

**3) पद्यांश से लययुक्त शब्द ढूँढकर लिखो:** **(1)**

1) ———————— 2) ————————

**4) समानार्थी शब्द लिखिए:** **(1)**

1) समुद्र = ————————— 2) गिरी = ———————

**5) स्वमत अभिव्यक्तिः** **(2)**

धर्म अलग हो, जाति ---------- चलते सीना तान के कविता की प्रथम चार पंक्तियो का भावार्थ लिखिए।

**प्र 3 अ) दिए गए पर्यायो मे से सही उत्तर चुनकर वाक्य फिर से लिखिए।** **(2)**

1) सात दिनो के अलावा आप घोड़े को ------------

अ) किसी भी दिन देख सकते हों

ब) किसी भी दिन ले जा सकते है।

क) किसी भी समय देख सकते है।

**2) मामाजी के घर से कुछ दूरी पर --------**

अ) सामने मंदिर था।

ब) सामने स्टेशन था।

क) सामने हवेली थी।

**ब) नीचे लिखे वाक्य किसने किससे कहे हैं?** **(2)**

1) सबको क्षमा किया जाता है।

2) मेरे लिए हरे रंग के घोडे का प्रबंध करो।

**(क) निम्नलिखित कथन के सामने सही [✓] और गलत [✗] का चिह्न लगाओ।** **(2)**

1) कुछ शब्द बहुत सज्जन, सात्विक सभ्य और सुसंस्कत्रत होते है। [ ]

2) बीरबल के न्याय से अकबर खुश नही हुए। [ ]

**प्र. 4 अ) निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर एक वाक्य मे लिखिए (कोई – दो)** **(2)**

1) सुहानी सुगंध कहॉ उडती है ?

2) बादशहा अकबर के दरबार मे कितने मंत्री थे ? उन्हे क्या कहा जाता था ?

3) आर्यन छुट्टीयॉ बिताने कहॉ आया था ?

4) जग ने किसकी शक्ति को पहचाना है ?

**ब) निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर 4–5 पंक्तियो मे लिखिएः (कोई दो)** **(4)**

1) शब्दो के बारे मे लेखक के विचार बताओ।

2) चित्रकार की परेशानी का कारण बताओ।

3) वसंत आने पर सरसों और आम मे क्या परिवर्तन आता है ?

## व्याकरण

**प्र. 5 अ) उपसर्ग लगाकर शब्द लिखो** **(1)**

1) नम्र – ----------- 2) दिन – -----------

**ब) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर उनका वाक्यो मे प्रयोग कीजिए।(कोई एक)** **(1)**

1) तारीफ के पुल बॉधना –

2) खून पसीना एक करना –

**क) कोष्टक मे से उचित सर्वनाम चुनकर रिक्त स्थान पूर्ण कीजिएः** **(1)**

**(मुझे, क्या, यह)**

1) ---- मेरा स्कूल है।

2) मॉ ------ खाने को दो, बहुत भूख लगी है।

**ड) निम्नलिखित वाक्यो मे का काल पहचान कर लिखिए। (कोई – दो)** **(2)**

1) मै कल बाजार जाऊॅगी ।

2) मोहन खाना खा रहा है।

3) चारो ओर सन्नाटा था ।

**इ) निम्नलिखित वाक्यो मे से रेखांकित अव्यय पहचानकर उनके प्रकार लिखिए।** **(1)**

1) गाड़ी धीरे – धीरे चल रही थी।

2) वाह ! क्या रंग – बिरंगी छटा है।

**ई) निम्नलिखित कारको का अपने वाक्यो मे प्रयोग कीजिए। (कोई एक)** **(1)**

1) ने –

2) में –

**प्र. 6) रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए। कहानी से मिलने वाली सीख लिखिए व शीर्षक भी लिखिए।** **(4)**

एक बूढा किसान – तीन आलसी बेटे – किसान का बीमार पडना –– बेटों को बुलाना और कहना –– ''अपने खेत मे एक खजाना गड़ा हुआ है'' –– किसान की मृत्यु ––– बेटो का सारा खेत खोद डालना –––– वर्षा ––– खेत मे बीज बोना –––– अच्छी फसल ––– सीखा।

**प्र 7. निम्नलिखित पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।** **(5)**

अ) मित्र को गर्मी की छुट्टीयॉ अपने साथ बिताने का निमंत्रण देते हुए एक पत्र लिखिए।

**प्र. 8) निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर निबंध लिखिएः**

1) रंगो का त्योहार 'होली'

2) यदि परीक्षाएॅ न होती

3) फूल की आत्मकथा

***